aglasem.com

FOR PUNJAB CLASS 8 PREPARATION

PSEB 8th Sample Paper 2027 HINDI (2nd language)

EXAM	YEAR	TYPE	SUBJECT
Punjab Class 8	2027	Sample Paper	Hindi

मॉडल प्रश्न-पत्र

वार्षिक परीक्षा : मार्च 2027

कक्षा : आठवीं

विषय : हिंदी (द्वितीय भाषा)

समय : 3 घंटे **पूर्णांक : 80 (लिखित) + 20 (आंतरिक) = 100**

नोट : सभी प्रश्न हल करने अनिवार्य हैं।

भाग क : वस्तुनिष्ठ प्रश्न (20)

प्रश्न-1. (I) निम्नलिखित बहुवैकल्पिक प्रश्नों में से सही विकल्प चुनकर लिखिए- **6×1=6**

(i) निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द 'सिंधु' शब्द का सही पर्यायवाची है?

(क) नदी (ख) सागर

(ग) पाताल (घ) धारा

(ii) निम्नलिखित में से शुद्ध शब्द को चुनकर लिखें-

(क) शकतीशाली (ख) शक्तिशाली

(ग) शकातीशाली (घ) सक्तिशाली

(iii) 'शकटार' शब्द में कौन-सी संज्ञा है?

(क) जातिवाचक (ख) व्यक्तिवाचक

(ग) भाववाचक (घ) समूहवाचक

(iv) "उसने कहा, 'आपकी गाड़ी का समय होने वाला है।'" वाक्य में सर्वनाम शब्द को चुनकर लिखें-

(क) गाड़ी (ख) समय

(ग) उसने (घ) होने

(v) "भास्कर रेलगाड़ी देखने के लिए प्लेटफार्म के नज़दीक पहुँचा।" वाक्य में रेखांकित पद 'देखने के लिए' में सही कारक की पहचान करके लिखें-

(क) कर्ता (ख) संप्रदान

(ग) करण (घ) अधिकरण

(vi) "ये लोग धीरे-धीरे चल रहे हैं।" इस वाक्य में से क्रिया-विशेषण शब्द चुनकर लिखिए-

(क) ये (ख) लोग

(ग) धीरे-धीरे (घ) चल रहे हैं

(II) कविता भाग के अभ्यासों पर आधारित बहुवैकल्पिक प्रश्न- **2×1=2**

(i) 'माँ' कविता के अनुसार माँ का हथियार क्या है?

(क) समय (ख) साहस

(ग) किताब (घ) चमत्कार

(ii) 'नवयुवकों के प्रति' कविता के कवि का नाम लिखें-

(क) सुभद्राकुमारी चौहान (ख) विनोद शर्मा

(ग) डॉ. हरिवंशराय बच्चन (घ) मैथिलीशरण गुप्त

(III) कठिन शब्दों के अर्थ से संबंधित बहुवैकल्पिक प्रश्न- **2×1=2**

(i) निम्नलिखित में से 'दूत' शब्द का सही अर्थ चुनकर लिखें-

(क) संदेश पहुँचाने वाला (ख) पहरेदार

(ग) सैनिक (घ) राजा

(ii) निम्नलिखित में से 'कंठहार' का सही अर्थ चुनकर लिखें-

(क) मित्र से मिली हार (ख) दुश्मन से मिली हार

(ग) गले का हार (घ) करारी हार

aglasem.com For more Question Papers, Sample Papers, Notes & Syllabus visit aglasem.com Page 1 of 4

(ii) अन्य वस्तुनिष्ठ प्रश्न (10)

(IV) निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें- 4×1=4

"बिना विचारे जो करे सो पाछे पछताय।
काम बिगारै आपनो जग में होत हँसाय।।
जग में होत हँसाय चित्त में चैन न पावे।
खान पान सम्मान; राग रंग मनहि न भावे।।"

(i) बिना विचारे काम करने से जग में क्या होता है?

(ii) काम बिगारै आपनो; जग में होत _____। (रिक्त स्थान की पूर्ति करें)

(iii) पद्यांश में आए 'पाछे' शब्द का क्या अर्थ है?

(iv) प्रस्तुत पद्यांश से हमें क्या मूल सीख मिलती है?

(V) निम्नलिखित प्रश्नों के निर्देशानुसार उत्तर दें- 3×1=3

(i) 'सम्राट' शब्द का लिंग परिवर्तन करने पर _____ शब्द बनेगा। (सही उत्तर से खाली स्थान भरें)

(ii) 'विश्वास' शब्द का विपरीत शब्द _____ होता है। (सही उत्तर से खाली स्थान भरें)

(iii) 'जिसका कोई मोल न हो' इन अनेक शब्दों के लिए एक शब्द _____ होगा। (सही उत्तर से खाली स्थान भरें)

(VI) निम्नलिखित प्रश्नों के निर्देशानुसार उत्तर दें- 3×1=3

(i) _____ जाता है। (तू, वह) (कोष्ठक में से सही मध्यम पुरुष चुनकर खाली स्थान भरें)

(ii) 'बार्डर' शब्द में 'र' के किस रूप का प्रयोग हुआ है? (रेफ़ / पदेन)

(iii) हामिद बच्चों _____ जा रहा था। (के सिवा / के साथ) (कोष्ठक में से सही सम्बन्धबोधक शब्द चुनकर खाली स्थान भरें)

भाग ख : पाठ्य पुस्तक (27)

प्रश्न-2. पाठ्य-पुस्तक के गद्य भाग में से किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर लगभग एक-दो पंक्तियों में लिखें- 5×1=5

(i) रोम के राजदूत मगध के सम्राट के लिए क्या लाए थे? (पाठ - पिंजरे का शेर)

(ii) गाड़ी की प्रतीक्षा करते समय कौन-से रंग की पट्टी से आगे नहीं जाना चाहिए? (पाठ - मैट्रो रेल का सुहाना सफर)

(iii) मनीष क्या बेचकर अपना जीवन बसर कर रहा था? (पाठ - प्रेरणा)

(iv) साइंस सिटी का पूरा नाम क्या है और यह किसके नाम पर रखा गया है? (पाठ - साइंस सिटी)

(v) कपोतराज चित्रग्रीव ने कबूतरों को क्या सलाह दी? (पाठ - सहयोग)

(vi) वाघा बॉर्डर को किस नाम से जाना जाता है? (पाठ - वाघा बॉर्डर)

(vii) हवा की मुख्य घटक गैसें कौन-कौन सी हैं? (पाठ - मेरा दम घुटता है)

प्रश्न-3. पाठों पर आधारित किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लगभग तीन-चार पंक्तियों में लिखें (रचनात्मक और विश्लेषणात्मक प्रश्न)- 4×3=12

(i) यदि मेट्रो ट्रेन में यात्रा करते समय अचानक स्वचालित द्वार बंद होने लगें, तो सुरक्षा की दृष्टि से आप क्या करेंगे? (पाठ - मैट्रो रेल का सुहाना सफर)

(ii) आप अपने दैनिक जीवन में मनीष की तरह स्वाभिमानी और परिश्रमी बनने के लिए क्या कदम उठाएँगे? (पाठ - प्रेरणा)

(iii) शारीरिक दुर्बलता होने पर भी व्यक्ति अपने दृढ़ निश्चय से जीवन में कैसे सफल हो सकता है? (पाठ - मन के जीते जीत)

(iv) पर्यावरण को स्वच्छ रखने और शुद्ध वायु प्राप्त करने के लिए हमें क्या व्यावहारिक कदम उठाने चाहिए? (पाठ - मेरा दम घुटता है)

(v) कल्पना चावला के जीवन-संघर्ष से आज के विद्यार्थियों को क्या प्रेरणा मिलती है? (पाठ - अंतरिक्ष परी : कल्पना चावला)

aglasem.com For more Question Papers, Sample Papers, Notes & Syllabus visit aglasem.com

(vi) 'आपसी सहयोग से कठिन कार्य भी सरल बन जाते हैं'—इस कथन का अपने शब्दों में विश्लेषण कीजिए। (पाठ - सहयोग)

प्रश्न-4. पाठ्य-पुस्तक में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग चार-पाँच पंक्तियों में लिखें (निबंधात्मक प्रश्न)- 2×4=8

(i) चंद्रगुप्त ने पिंजरे के शेर को बिना पिंजरा खोले या तोड़े कैसे बाहर निकाला? (पाठ - पिंजरे का शेर)

(ii) हामिद ने अपनी दादी अमीना के लिए चिमटा क्यों खरीदा? सविस्तार स्पष्ट कीजिए। (पाठ - ईदगाह)

(iii) बॉर्डर पर हर रोज़ शाम को होने वाली 'रिट्रीट' की रस्म किस प्रकार संपन्न होती है? (पाठ - वाघा बॉर्डर)

(iv) विधानसभा में बम विस्फोट का क्या परिणाम निकला और स्वतंत्रता सेनानियों ने इसे क्यों अंजाम दिया था? (पाठ - सरफरोशी की तमन्ना)

प्रश्न-5. पाठ्य-पुस्तक में से 'संवाद-किसने किससे कहे' के अंतर्गत किन्हीं दो के उत्तर लिखें- 2×1=2

(i) "महाराज शेर पिंजरे से बाहर आ गया है।" (पाठ - पिंजरे का शेर)

(ii) "तुम डरना नहीं अम्मा, मैं सबसे पहले आऊँगा। बिल्कुल न डरना।" (पाठ - ईदगाह)

(iii) "बहन कार्बन-डाइऑक्साइड, तुम्हारा मोटापा घटाने और मेरी सेहत सुधारने का केवल एक ही उपाय है कि लोग अधिक पेड़ लगाएँ।" (पाठ - मेरा दम घुटता है)

भाग ग : अनुवाद (4)

प्रश्न-6. निम्नलिखित पंजाबी वाक्यों में से किन्हीं दो का हिंदी में अनुवाद करें- 2×2=4

(i) ਉਸਦਾ ਚਿਮਟਾ ਰੁਸਤਮੇ ਹਿੰਦ ਸੀ।

(ii) ਉਹ ਜਹਾਜ਼ਾਂ ਨੂੰ ਉਡਾਉਣ ਵਿੱਚ ਪਹਿਲਾਂ ਤੋਂ ਹੀ ਮਾਹਿਰ ਸੀ।

(iii) ਇਹ ਧਰਤੀ ਤੇ ਜੀਵਨ ਦਾ ਮੂਲ ਅਧਾਰ ਹੈ।

भाग घ : अपठित गद्यांश (6)

प्रश्न-7. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर दिए गए छह प्रश्नों के उत्तर दीजिए- 6×1=6

किसी भी देश या समाज की उन्नति का आधार स्तंभ वहाँ के निवासियों की सच्चरित्रता, परिश्रमशीलता तथा उनके नैतिक मूल्य होते हैं। हमारे देश ने ही विश्व को मानवता, नैतिकता और सदाचार का पाठ पढ़ाया था। पर आज पूरे देश में चारों ओर स्वार्थ, लाभ और बेईमानी का बोलबाला है। इसी कारण आज भ्रष्टाचार रूपी रोग सभी सामाजिक, राजनीतिक, धार्मिक क्षेत्रों में एक असाध्य रोग की भाँति अपनी जड़ें जमा चुका है। मर्यादा से हटकर स्वार्थपूर्ण दूषित आचरण ही भ्रष्टाचार कहलाता है। स्वार्थ-लिप्सा भ्रष्टाचार की जननी है और भौतिक ऐश्वर्य इसका जनक है। आज समाज को ऐसे कर्मठ लोगों की आवश्यकता है जो नि:स्वार्थ भाव से देश के नवनिर्माण में योगदान दें। कठोर कानून नियंत्रण एवं आत्मानुशासन द्वारा ही इस समस्या का समाधान किया जा सकता है।

(i) किसी भी देश या समाज की उन्नति का आधार स्तंभ क्या होता है?

(ii) आज पूरे देश में किस दूषित प्रवृत्ति का बोलबाला दिखाई देता है?

(iii) भ्रष्टाचार की जननी किसे कहा गया है?

(iv) भ्रष्टाचार रूपी गंभीर समस्या का समाधान किस प्रकार किया जा सकता है?

(v) गद्यांश में आए 'सदाचार' शब्द का क्या अर्थ है?

(vi) प्रस्तुत गद्यांश के लिए एक उपयुक्त शीर्षक लिखिए।

भाग ङ : मुहावरे एवं लोकोक्तियाँ (4)

प्रश्न-8. निम्नलिखित में से किन्हीं चार मुहावरों / लोकोक्तियों को वाक्यों में इस प्रकार प्रयोग करें कि उनका अर्थ स्पष्ट हो जाए- 4×1=4

(i) बाल-बाल बचना, (ii) हरी झंडी मिलना, (iii) चार चाँद लगाना, (iv) आँखों का तारा, (v) एक पंथ दो काज, (vi) जहाँ चाह वहाँ राह

भाग च : रचनात्मक लेखन (19)

प्रश्न-9. निम्नलिखित में से किसी एक पत्र का उत्तर दें- 7

aglasem.com For more Question Papers, Sample Papers, Notes & Syllabus visit aglasem.com Page 3 of 4

(i) आपका नाम सुनंद तिवारी है। आप सरकारी सीनियर सेकंडरी स्कूल, विकास नगर, रूपनगर में आठवीं कक्षा में पढ़ते हैं। आप अपनी कक्षा के मॉनिटर हैं। आप अपनी कक्षा की ओर से छुट्टी वाले दिन स्कूल के क्रीड़ाक्षेत्र (प्ले ग्राउंड) में क्रिकेट मैच खेलने की अनुमति लेने के लिए अपने विद्यालय के प्रिंसिपल को प्रार्थना-पत्र लिखिए।

अथवा

(ii) आपके पिता जी का तबादला मोगा से मानसा हो गया है। इस कारण आपका इस स्कूल में आगे पढ़ना संभव नहीं है। स्कूल छोड़ने का प्रमाण-पत्र प्राप्त करने हेतु अपने स्कूल के मुख्याध्यापक को प्रार्थना-पत्र लिखिए।

प्रश्न-10. निम्नलिखित में से संकेत बिंदुओं के आधार पर किसी एक विषय पर लगभग 150 शब्दों में निबंध लिखें-8

(i) स्वच्छता अभियान

संकेत बिंदु-

(क) स्वच्छता का महत्व और भारत सरकार द्वारा 'स्वच्छ भारत मिशन' का प्रारंभ।

(ख) खुले में शौच से मुक्ति, शौचालय निर्माण का लक्ष्य और कूड़ा-प्रबंधन, गीले-सूखे कचरे को अलग रखना।

(ग) विद्यालयों, घरों और सार्वजनिक स्थानों को साफ रखने में जन-भागीदारी।

(घ) स्वच्छता से पर्यटन, सौंदर्य और स्वास्थ्य को बढ़ावा।

(ङ) स्वच्छता को आदत और ज़िम्मेदारी बनाकर देश को स्वच्छ रखना।

(ii) स्वतंत्रता दिवस

संकेत बिंदु-

(क) स्वतंत्रता: मनुष्य का मौलिक अधिकार।

(ख) 15 अगस्त, 1947 को भारत का अंग्रेजों की गुलामी से स्वतंत्र होना।

(ग) स्वतंत्रता सेनानियों के संघर्ष और अमर बलिदान।

(घ) स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले व स्कूलों में मुख्य समारोह।

(ङ) राष्ट्रीय पर्व पर देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता के दर्शन।

(iii) मेरा प्रिय खेल

संकेत बिंदु-

(क) प्रिय खेल का नाम और उसे पसंद करने का कारण।

(ख) खेल के मुख्य नियम और आवश्यक खेल-सामग्री।

(ग) खेल से होने वाले शारीरिक व मानसिक लाभ।

(घ) पसंदीदा खिलाड़ी और उनसे मिलने वाली प्रेरणा।

(ङ) जीवन में खेलों का महत्त्व और निष्कर्ष।

प्रश्न-11. निम्नलिखित शब्द-सारणी में बाएँ से दाएँ और ऊपर से नीचे की ओर सार्थक शब्द दिए गए हैं। इनमें से किन्हीं चार सार्थक शब्दों को चुनकर लिखिए- **4×1=4**

हि	म्म	त	शे
पा	नी	र	र
सू	र	ज	न
ध	र	ती	म